# कार्यालय जिलाधिकारी गाजियाबाद।

प0सं0 273 /आई.जी.आर.एस./कले.गा.बाद/2025 दिनांक: 9 अक्टूबर, 2025

–: कार्यालय ज्ञाप :–

आई0जी0आर0एस0 पोर्टल से अधिकारीवार प्राप्त फीडबैक दिनांक 01–09–2025 से 30–09–2025 तक जिन विभागों/कार्यालयों के अधिकारियों के संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत पोर्टल पर शून्य प्रदर्शित हो रहा है, उनका विवरण निम्नवत है:–

| क्र०सं० | अधिकारी | कुल प्राप्त फीडबैक | संतुष्ट फीडबैक | संतुष्ट फीडबैक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला क्रीडा अधिकारी, खेलकूद विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 5 | 0 | 0.00 |
| 2 | परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ग्राम्य विकास विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 4 | 0 | 0.00 |
| 3 | जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी , दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 2 | 0 | 0.00 |
| 4 | जिला विकास अधिकारी , ग्राम्य विकास विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 2 | 0 | 0.00 |
| 5 | मुख्य अभियंता , उ0 प्र0 जल निगम ( नगरीय ) , जनपद -गाजियाबाद | 2 | 0 | 0.00 |
| 6 | प्रभारी अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन , जनपद -गाजियाबाद | 2 | 0 | 0.00 |
| 7 | जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी , पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 8 | जिला गन्ना अधिकारी, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 9 | अधीक्षण अभियन्ता मंडोला व्रत , उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 10 | प्रभागीय लॉगिंग प्रबन्धक, वन निगम , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 11 | अधिशासी अभियंता विद्युत वि ख द्वितीय लोनी , विद्युत , लोनी, जनपद -गाजियाबाद | 7 | 0 | 0.00 |
| 12 | अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वि ख प्रथम गा बाद , विद्युत , गाजियाबाद, जनपद -गाजियाबाद | 4 | 0 | 0.00 |
| 13 | अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वि ख पंचम गा बाद, विद्युत , गाजियाबाद, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 14 | अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वि ख दशम गा बाद, विद्युत , गाजियाबाद, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 15 | चकबन्दी अधिकारी, चकबंदी , लोनी, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 16 | उप निबन्धक लोनी , स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन , लोनी, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 17 | सहायक विकास अधिकारी , पंचायती राज विभाग , लोनी, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 18 | बाल विकास परियोजना अधिकारी , बाल विकास पुष्टाहार विभाग , राजापुर , | 1 | 0 | 0.00 |
| 19 | अधिशासी अधिकारी,नगर पंचायत /पालिका , नगर पालिका परिषद पतला | 2 | 0 | 0.00 |
| 20 | जोनल अधिकारी, नगर निगम | 1 | 0 | 0.00 |
| 21 | अधिशासी अभियन्ता,प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 15 | 0 | 0.00 |
| 22 | जिला उपायुक्त, मनरेगा, ग्राम्य विकास विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 4 | 0 | 0.00 |
| 23 | सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, परिवहन विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 2 | 0 | 0.00 |
| 24 | सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन), परिवहन विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 2 | 0 | 0.00 |
| 25 | अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम ( नगरीय ) , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 26 | जिला कार्यक्रम अधिकारी , बाल विकास पुष्टाहार विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 27 | परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ग्राम्य विकास विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |

0.00

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सेल , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 29 | प्रबन्धक/प्रधान प्रबन्धक, दुग्ध विकास विभाग , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 30 | सब रजिस्ट्रार, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन , मोदीनगर, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 31 | खंड शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग , भोजपुर, जनपद -गाजियाबाद | 3 | 0 | 0.00 |
| 32 | प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक(पी० एच० सी०/सी० एच० सी० ), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण , मुरादनगर, जनपद -गाजियाबाद | 3 | 0 | 0.00 |
| 33 | प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक(पी० एच० सी०/सी० एच० सी० ), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण , रजापुर , जनपद -गाजियाबाद | 3 | 0 | 0.00 |
| 34 | खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम्य विकास विभाग , भोजपुर, जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |
| 35 | खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम्य विकास विभाग , रजापुर , जनपद -गाजियाबाद | 1 | 0 | 0.00 |

जनसुनवाई प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पर जन शिकायतों के निस्तारण सम्बन्धी शासनादेश दिनांक 17 फरवरी, 2020 में वर्णित व्यवस्था के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संदर्भों की गुणवत्ता के परीक्षण का कार्य किया जा रहा है किन्तु उक्त अधिकारियों द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न किये जाने के कारण इन अधिकारियों के संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत पोर्टल पर उक्तानुसार शून्य प्रदर्शित हो रहा है। इससे जनपद की आई0जी0आर0एस0 रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। यह अत्यन्त ही खेदजनक है कि सम्बन्धित अधिकारी की लापरवाही/उदासीनता के कारण जनपद की छवि शासन के समक्ष धूमिल हो। संदर्भों के ससमय गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्व में बैठकों एवं पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया जाता रहा है किन्तु इनके द्वारा सम्भवतः आई0जी0आर0एस0 संदर्भों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण में कोई विशेष रूचि नहीं ली जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप इनके कार्यालय के संदर्भों के संतुष्टि का प्रतिशत पोर्टल पर शून्य (0) प्रदर्शित हो रहा है। **इन अधिकारियों का इस प्रकार का कृत्य शासकीय कार्यों के प्रति स्वस्थ्य परम्परा नहीं है।**

अतः उपरोक्त अधिकारियों द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न करने के फलस्वरूप संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत शून्य (0) होने के कारण उक्त अधिकारियों के मासिक वेतन आहरण पर रोक लगायी जाती है। मुख्य कोषाधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया जाता है कि अग्रिम आदेशों तक उपरोक्त अधिकारियों का मासिक वेतन आहरित न किया जाये।

6/1/21

**( रविन्द्र कुमार माँदड. )**
जिलाधिकारी,
गाजियाबाद।

**प्रतिलिपिः**-२73 निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01– नोडल अधिकारी (आई0जी0आर0एस0)/अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) गाजियाबाद।

02– मुख्य कोषाधिकारी गाजियाबाद को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त अधिकारियों का मासिक वेतन अग्रिम आदेशों तक आहरित न किया जाये।

03– सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि सूची में उल्लिखित आपके विभाग/कार्यालय से सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

6/1/21

जिलाधिकारी,
गाजियाबाद।